बच्चों को जीने की कला सिखाएं

आप अपने बच्चों को भरपूर प्यार, स्नेह दे सकते हो, पर क्या अपनी सोच उन्हें दे पाओगे? यह पीढ़ी अपनी सोच, तर्क और महत्वकांक्षाओं में जीने वाली है। इनकी जीवनशैली में यदि ज़्यादा हस्तक्षेप करेंगे तो शायद यह जवाब सुनने मिल जाए कि आप माता-पिता हो तो हम आपके द्वारा इस संसार में आए हैं, पर आप हमें लाए नहीं हो। कितने ही माता-पिता जन्म से पहले अपनी संतान के लिए दावा करते हैं कि यह वैसी ही होगी जैसा हम चाहते हैं। परन्तु अधिकतर का दावा खोखला निकल जाता है। इन दिनों माता-पिता

अपनी संतान के लिए एस्केलेटर (यंत्रचालित सीढ़ी) बन रहे हैं, जिसकी मदद से वे बिना परिश्रम ऊपर चढ़ सकते हैं, नीचे उतर सकते हैं। जबकि हमें बनना ऐसी सीढ़ी चाहिए जिसमें सहारा तो हमारा हो, पर परिश्रम बच्चों को करना पड़े। यह सीढ़ी बच्चों को गिरने नहीं देगी, पर हर कदम पर उनको परिश्रम करना भी सिखाएगी। हर माता-पिता को ध्यान रखना होगा कि संतान को केवल दुनियादारी का ज्ञान ही नहीं देना है, उन्हें जीवन की बारीकियां, उनको जीने की कला भी सिखाना है।

बच्चों के साथ एक कहावत है - वे सुनकर कम और देखकर ज़्यादा सीखते हैं। इसलिए जिस प्रकार धर्म जानने से ज़्यादा जीने का मामला है, वैसे ही बच्चों के लिए लालन-पालन में माता-पिता की बुद्धि से ज़्यादा उनका आचरण काम करता है।

अलीराजपुर-म.प्र.। विधायक नागर सिंह चौहान को आध्यात्मिक चर्चा के पश्चात् ईश्वरीय साहित्य भेंट करते हुए ब्र.कु. नारायण भाई व ब्र.कु. माधुरी बहन। साथ हैं डॉ. कन्हैयालाल।

भुज-गुज.। कल्पेश भाई गोस्वामी,स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर सीआईडी एंड एंटी करप्शन ब्यूरो,स्टेट गवर्नमेंट एवं उनकी धर्मपत्नी वर्षा बहन के साथ हैं ब्र.कु. रीना बहन।

मथुरा-रिफाइनरी नगर(उ.प्र.)। डेयरी विकास,पशुपालन एवं मत्स्य पालन राज्यमंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण को रक्षासूत्र बांधने के पश्चात् ब्लेसिंग कार्ड देते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. कृष्णा बहन।

जयपुर-सोडाला(राज.)। रेखा राठौड़,पार्षद एवं जयपुर जिला मंत्री को आत्म स्मृति का तिलक लगाते हुए ब्र.कु. स्नेह दीदी।

दिल्ली-कंझावला(बुल्ला कॉलोनी)। सेवाकेन्द्र में आने पर स्थानीय पुलिस स्टेशन के एस.एच.ओ जरनैल सिंह को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. आशा बहन।

आज़मगढ़-उ.प्र.। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार सिंह को ईश्वरीय संदेश देने के पश्चात् ईश्वरीय स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए ब्र.कु. रंजना बहन।

उज्जैन-म.प्र.। सांसद अनिल फिरोजिया के साथ ईश्वरीय ज्ञान चर्चा करते हुए ब्र.कु. मंजू बहन।

बिलासपुर-राजकिशोर नगर(छ.ग.)। वार्ड 51 की पार्षद संध्या तिवारी को ईश्वरीय संदेश देने के पश्चात् ईश्वरीय सौगात व प्रसाद भेंट करते हुए ब्र.कु. उमा बहन।

दुर्ग-छ.ग.। ज्ञान चर्चा के पश्चात् मेयर धीरज बाकलीवाल को ईश्वरीय पत्रिका व प्रसाद भेंट करते हुए ब्र.कु. रूपाली बहन।

मुम्बई-घाटकोपर। प्रसिद्ध फिल्म एक्टर एंड डायरेक्टर महेश मांजरेकर व उनके परिवार को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. शकु बहन।

जिंतूर-महा.। ज्ञान चर्चा के पश्चात् पूर्व विधायक रामप्रसाद बोर्डीकर को ओम शान्ति मीडिया पत्रिका भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सुमन बहन।

रसड़ा-उ.प्र.। रसड़ा कोतवाली के कोतवाल नागेश उपाध्याय को ईश्वरीय संदेश देने के पश्चात् ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. जागृति बहन।

पन्ना-म.प्र.। ईश्वरीय ज्ञान चर्चा के पश्चात् कलेक्टर संजय कुमार मिश्रा व उनकी धर्मपत्नी के साथ उपसेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सीता बहन।

सांगारेड्डी-आ.प्र.। राजात्रृषा,आई.ए.एस.,एडिशनल कलेक्टर,लोकल बॉडीज को ईश्वरीय संदेश देने के पश्चात् प्रसाद देते हुए ब्र.कु. बहन।

छतरपुर-म.प्र.। डी.आई.जी. विवेक राज सिंह के साथ ज्ञान चर्चा करने के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. रमा, ब्र.कु. मोहिनी, ब्र.कु. सुमन तथा ब्र.कु. ओमप्रकाश भाई।

ग्वालियर-म.प्र.। नई दुनिया समाचार पत्र की टीम को ईश्वरीय संदेश देने के पश्चात् उनके साथ हैं ब्र.कु. ज्योति बहन तथा ब्र.कु. सुरभि।

दिल्ली-पंजाबी बाग। सेवाकेन्द्र पर आमंत्रित क्षेत्रीय पार्षद एवं पूर्व डिप्टी मेयर कैलाश सांकला के साथ ज्ञान चर्चा करने के पश्चात् ब्लेसिंग कार्ड देते हुए ब्र.कु. कोकिला बहन।

नरवाना-हरियाणा। जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित झाँकी में प्रसिद्ध समाजसेविका अनिता गोयल को गुलदस्ता एवं ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सीमा बहन तथा ब्र.कु. ममता बहन। साथ हैं महेन्द्र गोयल, डॉ. साधु राम शर्मा, विनोद गोयल तथा अन्य।